आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 17.06.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर राज्य के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।
- सरकार, नंदा देवी राजजात यात्रा और हरिद्वार कुंभ का भव्य व दिव्य आयोजन करेगी।
- प्रदेश में गर्भधारण व प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम–1994 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए देहरादून में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- मौसम विभाग ने 21 जून तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की है।

सीएम दिल्ली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर राज्य के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री सिंह से रानीखेत और लैंसडौन छावनी क्षेत्र को नगरपालिकाओं के साथ विलय करने का आग्रह किया। साथ ही धारचूला–जोशीमठ के सैन्य हेलीपैड को आरसीएस हवाई सेवा के तहत उपयोग करने और रुद्रप्रयाग जिले में सीएसडी कैंटीन खोलने का अनुरोध किया।

श्री धामी ने रक्षा मंत्री से राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के तहत भारतीय वायुसेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ करने का भी आग्रह किया। श्री धामी ने कहा कि केंद्र की ओर से इन निर्णयों के क्रियान्वयन से क्षेत्रीय विकास में तेजी आने के साथ ही आम जनता को राहत मिलेगी।

नंदा देवी राजजात यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि नदां देवी राजजात और हरिद्वार कुंभ का भव्य और दिव्य आयोजन किया जायेगा। इसके लिए अगले साल होने वाली ऐतिहासिक नंदा देवी राजजात यात्रा के भव्य आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट–––

नंदा देवी राजजात यात्रा को लेकर आज आयोजित वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2026 में होने वाली इस यात्रा की सभी तैयारियां तेजी से पूरी की जाएं। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। बैठक में श्री धामी ने यात्रा मार्ग पर दूरसंचार व्यवस्था के साथ ही डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम बनाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने राजजात यात्रा के सफल संचालन के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने और हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य सचिव को प्रतिमाह और गढ़वाल व कुमाऊं आयुक्त को हर सप्ताह यात्रा तैयारियों की समीक्षा करने को कहा।

रन फ़ॉर योगा

आगामी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आज चंपावत और रुद्रपुर में 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुद्रपुर में गांधी पार्क से विकास भवन तक दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस, प्रशासन, पीएसी, खेल, युवा कल्याण, स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा खिलाड़ियों व छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिले में योग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आलोक शुक्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सभी लोग योग से जुड़कर अपने आप को स्वस्थ रखें।

जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने कहा कि 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नशे से दूर रखना और खेलों की ओर आकर्षित करना है।

विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के लालकुआँ और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए 19 जून से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन शुरू किया जा रहा है। यह ट्रेन कुल सात फेरों के लिये चलेगी और इसका संचालन पहली अगस्त तक जारी रहेगा।

प्रयागराज से यह ट्रेन हर गुरुवार को दोपहर साढे ग्यारह बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर पौने एक बजे लालकुआँ पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हर शुक्रवार को दोपहर दो बजकर पचास मिनट पर लालकुआँ से चलकर शनिवार सुबह साढे चार बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

इस विशेष रेलगाड़ी में वातानुकूलित प्रथम एवं तृतीय श्रेणी के साथ–साथ शयनयान और सामान्य श्रेणी के कुल 16 कोच लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला

प्रदेश में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994– पी.सी.पी.एन.डी.टी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज देहरादून में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधियों के साथ ही राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में पीसी एवं पीएनडीटी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की उपायुक्त पद्मिनी कश्यप ने ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, सोशल साइट्स या अन्य माध्यमों से लिंक चयन की जानकारी देने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई करने पर जोर दिया।

पौड़ी खेल कोच

पौड़ी गढ़वाल को पहली बार स्थायी जूडो कोच की सौगात मिली है। सरकार के प्रयासों से खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक अहम कदम है। जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान ने बताया कि जूडो कोच मनीषा रानी ने 16 जून को पदभार ग्रहण कर लिया है। जूडो के साथ ही बैडमिंटन, लॉन टेनिस, फुटबॉल और हॉकी कोच की भी नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में जूडो कोच की नियुक्ति को लेकर भारी उत्साह है। इस पहल से जिले में खेलों के विकास के साथ ही युवाओं का आत्मविश्वास को भी सशक्त होगा।

नैनीताल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

नैनीताल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वर्ष 2025 के तीसरे बैच में कुल 16 पराविधिक स्वयं सेवियों का चयन किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश बीनू गुल्यानी ने आकाशवाणी यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि चयनित पराविधिक स्वंयसेवियों के लिए एक दिवसीय ओरियन्टेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 18 जून को किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल छह सत्र होंगे जिसमें पराविधिक स्वंयसेवियों को न्यायाधीशगणों, विधि विद्वानों और समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

मौसम

मौसम विभाग ने 21 जून तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस अवधि में प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश और शेष जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने हुए हैं। आज नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 36 घंटों के दौरान प्रदेश के सबसे ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी की खबर है। अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य बना रहेगा, लेकिन बाद में इसमें गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।